# BABA MASTNATH UNIVERSITY

## ASTHAL BOHAR, ROHTAK

**Public Relations Office**

Name of the Publication ........ HARI BHOOMI ........

Date 29/10/2025 .......... Page ....12.... Column ....04....

Subject .... बीएमयू में शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन

विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया

## बाबा मस्तनाथ विवि में शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के लाइफ साइंस विभाग द्वारा लाइफ साइंस क्लब के तहत विभिन्न शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और संप्रेषण कौशल को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्षों और फैकल्टी सदस्यों के मार्गदर्शन में किया गया, जिनमें विश्वविद्यालय के डीन डॉ. मनोज वर्मा, प्रो. डॉ. रवि राणा, डॉ. विकास भारद्वाज, डॉ. पल्लवी भारद्वाज और डॉ. बृजेश शामिल रहे। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए पोस्टर ऑफ लाइफ साइंस साइंटिस्ट, स्पीच तथा लाइफ साइंस वैज्ञानिकों की बायोग्राफी प्रस्तुति जैसी मुख्य गतिविधियों का आयोजन हुआ। बीएससी, एमएससी, पीएचडी के विद्यार्थियों ने चार्ल्स डार्विन, स्टैनले जैसे विश्वप्रसिद्ध वैज्ञानिकों पर आधारित पोस्टर बनाकर उनका योगदान प्रस्तुत किया। भारत के प्रसिद्ध पक्षी वैज्ञानिक डॉ. बीएमयू में लाइफ साइंस क्लब के विद्यार्थियों की पोस्टर, भाषण और बायोग्राफी की प्रस्तुति सलीम अली, जिन्हें बर्ड मैन ऑफ इंडिया के नाम से जाना जाता है, के जीवन, शोध कार्यों और उपलब्धियों पर भी विद्यार्थियों ने विस्तार से चर्चा की। डॉ. विकास भारद्वाज ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए विज्ञान और जीवन के आपसी संबंधों पर प्रकाश डाला।